CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2016 - Set 200/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 2 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 10-10 शब्दों में दीजिए :

(क) सीधी रेखा पर र अंकुश किस तरफ लिखा जाता है ? उदाहरण देकर बताइए ।

(ख) लूप का क्या अर्थ है ? स्त लूप के माध्यमिक प्रयोग के दो उदाहरण दीजिए ।

(ग) शन, षण या सन के लिए हुक प्रारंभ में लगाया जाता है या अंत में ?

(घ) सीधी रेखाओं में न का योग करने के लिए छोटा हुक प्रारंभ में लगाया जाता है या अंत में ?

(ङ) वक्र रेखाओं में स वृत्त को न हुक के साथ कैसे लिखा जाता है ? उदाहरण दीजिए ।

(च) एक ऐसा उदाहरण दीजिए जिसमें व के लिए अर्द्धवृत्त का प्रयोग नहीं किया जा सकता है ।

2(क). व्यंजन ख को आधा किन व्यंजनों के लिए किया जाता है ? दो उदाहरण दीजिए ।

2(ख). व्यंजन रेखा म को मोटा और आधा करने से क्या होता है ? उदाहरण दीजिए ।

3. रेखाओं पर ल हुक के प्रयोग के नियम उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

OR

3. संयुक्त व्यंजनों का क्या अर्थ है ? आशुलिपि में संयुक्त व्यंजनों को प्रकट करने की विधि दो-दो उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

4. संक्षिप्ताक्षर में न्यूनतम कितनी व्यंजन रेखाएँ होती हैं ? दो उदाहरण दीजिए ।

5. उपसर्ग किसे कहते हैं ? उपसर्ग के रूप में स तथा अ जोड़कर दो-दो शब्द व उनके आशुलिपि प्रारूप लिखिए ।

6. जोड़े वाले (साथ-साथ आने वाले) शब्दों को आशुलिपि में किस प्रकार लिखते हैं ? निम्नलिखित शब्दों के आशुलिपि रूप लिखिए :

(क) खेल-कूद

(ख) आंधी-पानी

(ग) जीवन-मरण

(घ) दिन-रात

7. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) सर्वसम्मति

(ख) राष्ट्रनेता

(ग) नव-निर्वाचित

(घ) जनसंख्या

(ङ) लोकसेवा

8. निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए :

(क) जुलाई

(ख) सोमवार

(ग) स्वयं सेवक संघ

(घ) सवा दस

(ङ) छः हजार

9. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) माना जा सकता है ।

(ख) समाप्त किया जाना चाहिए ।

(ग) हमें समझ लेना चाहिए ।

(घ) सबसे पहला प्रश्न ।

(ङ) बनाया जाना चाहिए ।

- End of Question Paper -